प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज बांसवाडा और भीलवाडा दौरे का कार्यक्रम–शहरी और ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का जायजा लेंगे।

- प्रदेश में स्कूलों में सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए **ईट राइट स्कूल** कार्यक्रम चलाया जायेगा।

- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी।

- राजस्थान रिफाइनरी का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हुआ।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज बांसवाडा और भीलवाडा दौरे का कार्यक्रम है। श्री शर्मा बांसवाडा में शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। वे सेवा शिविरों का भी जायजा लेंगे। इसके बाद वे भीलवाडा पंहुचेंगे और मांडलगढ कस्बे में शहरी और ग्रामीण जनसेवा शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

..................

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में कल रन फॉर विकसित राजस्थान होगी। युवा मामले और खेल विभाग की ओर से सभी जिलों में इसका आयोजन किया जायेगा।

..................

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को प्रदेश में पंजीकृत गौशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इनमें पानी और चारे सहित बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होना चाहिए। मुख्यमंत्री कल जयपुर में गौपालन और कृषि विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आदर्श गौशालाएं बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। गौशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए गौकाष्ट मशीनों के संचालन सहित नई तकनीकों को शामिल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं के उपचार के लिए टोल फ्री मोबाईल वेटेनरी सेवा के संचालन में पारदर्शिता लाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाये।

..................

प्रदेश में **ईट राइट स्कूल** कार्यक्रम चलाया जायेगा। स्कूलों में सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन व्यवहार को बढावा देने के लिए ये कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की पहल के तहत ये कार्यक्रम चलेगा। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने कल इस संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के जरिये बैठक ली। इसमें पीएम श्री विद्यालय, सभी नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्वामी विवेकानंद विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालयों में खाद्य सुरक्षा मानको के पालन और विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवन शैली विकसित करने पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालयों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जल्द पंजीकरण भी शुरू किया जायेगा।

..................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। 10वीं की परीक्षा 12 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगी। वहीं 12वीं की परीक्षा 12 फरवरी से 11 मार्च तक परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 19 लाख 86 हजार 422 परीक्षार्थी भाग लेंगे। बोर्ड सचिव श्री गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इन परीक्षओं में सैकण्ड़री के 10 लाख 68 हजार से ज्यादा सीनियर सैकण्ड़री के 9 लाख 5 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल है। वरिष्ठ उपाध्याय के 4 हजार से

अधिक और प्रवेशिका के 7 हजार आठ सौ से ज्यादा परीक्षार्थी है। इसके लिए कुल 6193 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।
सचिव ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। प्रश्न पत्र पुलिस थानों और चौकियों में रखे जाएंगे। सेंटर्स पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही वीडियोग्राफी भी होगी। बोर्ड ने संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र चिन्हित किए है। इसमें विशेष तौर पर वीडियोग्राफी की जाएगी।

..................

राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से आरजेएस 2025 में सीधी भर्ती के अंतिम परिणाम घोषित कर दिये है। राजस्थान न्यायिक सेवा भर्ती में महिला उम्मीदवारों ने 28 पर बाजी मारी है। साक्षात्कार के लिये कुल 136 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। इसमें से अंतिम रूप से 44 का चयन हुआ है। प्रयागराज की मधुलिका यादव पहले स्थान पर रही है। दूसरा स्थान मुरैना की प्रज्ञा गांधी और तीसरा स्थान अलवर की अम्बिका राठौड ने हासिल किया है।

..................

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद–सीएसआईआर ने स्मार्ट विलेज परियोजना के लिए देश के 6 गांवों को चुना है। सीएसआईआर स्मार्ट विलेज मिशन मोड परियोजना में पाली जिले के सवाईपुरा को भी चुना गया है। ये परियोजना गांवों के समग्र विकास पर केन्द्रित है। हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि इसके तहत गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, भूजल और अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

..................

राजस्थान रिफाइनरी का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। ये जानकारी कल जयपुर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड–भ्त्त्स की राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने दी। उन्होंने कहा कि ये देश की पहली ऐसी परियोजना है जिसमें रिफाइनरी के साथ ही पेट्रो केमिकल कॉम्पलेक्स भी है। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए रिफाइनरी का बाकी काम भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्थान रिफाइनरी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलाकर आर विखार ने बताया रिफाइनरी के लिए मूंदडा पोर्ट पर कच्चे तेल की पहली खेप आ गई है। ये पोट के 6 टैंकों से पाईपलाईन के माध्यम से रिफाइनरी तक पंहुचेगी। पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी रविकांत ने बताया कि रिफाइनरी में जीरो लिक्विड एफ्लूऐंट डिस्चार्ज है यानी प्रसंस्करण के दौरान रिफाइनरी में किसी प्रकार का वेस्टेज नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बालोतरा से पचपदरा तक रेल्वे और पचपदरा से रिफाइनरी साईट तक एच.आर.आर. एल की ओर से रेल्वे लाईन बिछाई जायेगी।

..................

संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल तक स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ ही पहली दिसम्बर को शुरू हुआ 19 दिन का शीतकालीन सत्र कल सम्पन्न हो गया। शीतकालीन सत्र में कुल आठ विधेयक पारित किए गए। संसद से पारित हुए प्रमुख विधेयकों में विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण, जी राम जी बिल 2025, भारत के रूपांतरण के लिए परमाणु ऊर्जा का टिकाऊ उपयोग और विकास शांति विधेयक 2025, सब का बीमा सबकी रक्षा बीमा कानून में संशोधन विधेयक और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 शामिल है।
संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में पारित विधेयक करोड़ों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

..................